## हवन-पूजन और शोभायात्रा निकालकर मनाई जाएगी श्री रामनवमीं, जगह-जगह होंगे भंडारे

# श्रीराम जन्मोत्सव मनाने दुल्हन की तरह सज गया शहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को तैयारी पूर्ण होने के साथ ही शहर के हृदय स्थल में स्थित श्रीराम मंदिर आकर्षक रोशनी से जगमगा रहा है। रविवार को श्री रामनवमी के अवसर पर प्रातः 09 बजे मंदिर में झंडा वंदन किया जाएगा। इसके उपरांत 10 बजे से श्री सत्यधर्म रामायण संकीर्तन मंडल द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। भगवान श्रीराम के जन्म के समय दोपहर ठीक 12 बजे महाआरती होगी एवं महाप्रसाद का वितरण श्री राम मंदिर से किया जाएगा। श्री राम मंदिर छोटी बाजार से लगभग 150 वर्षों से श्री राम नवमी के अवसर पर भगवान श्री राम की झांकियों को नगर भ्रमण कराया जाता है, इसी क्रम में शाम 07 बजे छोटी बाजार के विभिन्न रामायण मंडल, भजन मंडल एवं श्री रामलीला मंडल द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा छोटी बाजार से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस छोटी बाजार पहुंचेगी। श्री राम मंदिर में प्रतिदिन होने वाली आरती श्री सत्यधर्म संकीर्तन मंडल द्वारा भव्यता से की जाएगी। श्री सत्यधर्म मंडल श्री राम मंदिर ट्रस्ट ने सभी नगरवासियों से शाम 07 बजे निकलने वाली शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### आज धार्मिक आयोजनों में शामिल होंगे सांसद

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 6 अप्रैल को छिंदवाड़ा शहर में आयोजित रामनवमी एवं अन्य धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 7:30 बजे छोटी बाजार स्थित तारण भवन में आयोजित अहिंसा रैली में शामिल होंगे। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक श्रीराम मंदिर छोटी बाजार में अभिषेक के कार्यक्रम में शामिल होंगे, दोपहर 2 बजे चंद्रशेखर आजाद वार्ड नंबर 14 लालबाग में चैत्र नवरात्रि के कार्यक्रम में शामिल होंगे, दोपहर 2:30 बजे वार्ड नंबर 48 आर्मी स्कूल के पास परतला में नवरात्रि के कार्यक्रम में शामिल होंगे, शाम 5:30 बजे छोटी बाजार में श्री सांई मंदिर के पास तुलसी रामायण मंडल द्वारा आयोजित आरती के कार्यक्रम में शामिल होंगे, शाम 6:30 बजे चारफाटक छिंदवाड़ा में संतोषी माता मंदिर में आयोजित श्री रामरथ यात्रा का शुभारंभ करेंगे, शाम 7:30 बजे छोटी बाजार श्रीराम मंदिर में श्री रामजी की शोभायात्रा में शामिल होंगे एवं रात्रि 9 बजे फव्वारा चौक छिंदवाड़ा में सुंदरकांड ग्रुप की शोभायात्रा में शामिल होंगे।

### मां सिद्धिदात्री मंदिर में महाष्टमी पर हुआ हवन

**छिंदवाड़ा :** स्वामी शिवोम तीर्थ कुंडलिनी महायोग आश्रम,श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट, सिविल लाइन, गुरैया रोड, छिंदवाड़ा में स्थापित है मां सिद्धिदात्री माता का 1050 वर्ष पुराना मंदिर, स्वामी श्री सदानंद तीर्थ जी ने बताया प्रचीन समय की बात है, यह स्थान खुले आसमान, आम के पेड़ के नीचे शिलाओं के रूप में स्थापित था, यह उस समय की बात है जब हमारा देश गुलामी की जंजीरो में जकड़ा था, 1818 में महाराठा साम्राज्य का पतन और अंग्रेजो का अत्याचार चरम सीमा पर था। 1857 में इस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना व वाजीराव द्वितीय का पतन पिंडारी जो मराठा बटालियन हुआ करती थी उसका एक कबिले के रूप में उदय हुआ जो अंग्रेजो को लूट-पाट करती थी यहीं लोग जब लूट-पाट चोरी आदि करने जाते थे तो इसी स्थान में पूजा-पाठ आदि किया करते थे। 1880-90 के दशक में पिंडारी जाति के नाम से प्रसिद्ध हुये और परिवार में शादि विवाह के समय श्मेसकाईश लेकर पूजन करने इस देवी के स्थान में आया करते थे यह उनकी परम्परा बन गई थी। सन 1904 से 1911 में सतपुड़ा छोटी लाईन चालू हुई तो हिन्दू सैनिकों की भर्ती हेतु प्रथम छावनी भरता देव वॉटर प्लांट और द्वितीय छावनी वर्तमान कलेक्टर बंगला हुआ करती थी उस समय भी हिन्दू सैनिक इस देवी के स्थान में पूजा-अर्चना हेतु आया करते थे, 1935-40 के बीच की बताई जाती है। जब अंग्रेज अपनी घोड़ागाड़ी (बग्गी) से जा रहे थे तो इस स्थान में कुछ लोगों को पूजा-अर्चना करते देख मुस्लिम चौकीदार (महबूब भाई) से जानकारी लीये।



### श्रीराम जन्मोत्सव में निकलेगा विशाल चल समारोह, जगह जगह चलेंगे रात्रि में भंडारे

**सिंगोड़ी:** सिंगोड़ी नगर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा भव्य श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी की गई है,पूरे सिंगोड़ी को तोरण बैनर स्वागत द्वार रंगबिरंगी लाइटिंग से सजाया गया है। वही श्रीराम जन्मोत्सव समिति सिंगोड़ी के अध्यक्ष योगेश यादव ने बताया कि भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण से रविवार को ठीक रात्रि साढ़े आठ बजे से प्रारम्भ की जाएगी, जो गोली मोहल्ला, कबीर चौंक, जैन मंदिर, श्रीराम मंदिर, बाजार चौंक, बस स्टैंड, मेन रोड, मरही माता मंदिर होते हुए पुनः दुर्गा मंदिर पहुंचेगी जहां भगवान श्री राम की महाआरती होगी। वही आगंतुक अतिथियों के स्वागत सत्कार के बाद,विशाल धर्म सभा आयोजित होगी, धर्मसभा के बाद विशाल फाग प्रतियोगिता का प्रारंभ होगा जो सुबह दस बजे पुरस्कार वितरण के साथ समाप्त होगी, विभिन्न स्थानों पर स्वल्पाहार व स्वादिष्ट व्यंजनों से शोभायात्रा का स्वागत होगा। बस स्टैंड पर हनुमत सोनी, भुवन प्रजापति, सतीश जथूरिया व इनकी टीम के द्वारा स्वादिष्ट पोहा का वितरण होगा, मोहित साहू की दुकान के सामने अंशुल सोनी और इनकी टीम के द्वारा चना और मिष्ठान का वितरण होगा, महादेव ऑटोमोटिव के सामने नयन सोनी व वैभव मलिक व इनकी टीम के द्वारा स्वादिष्ट चने का वितरण होगा, इस अतिरिक्त भी विभिन्न स्थानों पर स्वल्पाहार व स्वादिष्ट व्यंजनों की बौछार होगी, श्रीराम जन्मोत्सव समिति सिंगोड़ी के अध्यक्ष योगेश यादव ने बताया की बाजे गाजे, मनमोहक आतिशबाजी, रथ और झांकियों के साथ, दिव्य विमान में सुसज्जित भगवान श्री राम की शोभायात्रा श्री दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होगी, आप सभी ग्रामवासी व क्षेत्र वासी शोभायात्रा में अवश्य शामिल हों,श्री राम जन्मोत्सव समिति सिंगोड़ी के अध्यक्ष योगेश यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



### प्रेसवार्ता में पुलिस ने किया मामले का खुलासा

## लूट के 4 माह बाद धराए आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

उमरेठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत 4 माह पूर्व एक लूट की घटना में शामिल आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। इस मामले का खुलासा पुलिस ने प्रेस वार्ता में किया। आरोपियों में 3 कालेज स्टूडेंट्स हैं , एक आटो चलाता है , एक मजदूरी करता है। आरोपियों की शिनाख्त परेड के बाद पुलिस आरोपियों के नामों का खुलासा भी करेगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आई पी एस आयुष गुप्ता , परासिया डी एस पी जितेन्द्र सिंह जाट और और उमरेठ थाना प्रभारी विजय राव माहारे की उपस्थिति हुई प्रेस वार्ता में बताया गया , कि उमरेठ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी रोहित पिता ओमजी चंद्रवंशी निवासी ग्राम नरसाला थाना मोहखेड़ द्वारा उमरेठ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई , कि 11 दिसंबर 2024 को वह रोज की तरह ग्राम खंसवाड़ा में स्थित अपनी कियोस्क एवं मोबाइल शाप बंद कर बैंक ट्रांजेक्शन , मोबाइल बिक्री तथा रिचार्ज आदि से प्राप्त कुल 2 लाख 8 हजार रुपए नकद एवं तीन मोबाइल फोन लेकर अपने घर लौट रहा था।

जब वह खंसवाड़ा में मंगर तिराहस के पास पनघट नाले के समीप पहुंचा, तब एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी मोटरसाइकिल को रोक उसके साथ मारपीट की और उसके पास से कुल 2 , 38 ,000 ( नकदी एवं मोबाइल मिलाकर ) लूट कर फरार हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना उमरेठ में अपराध क्रमांक 356 /24 धारा 309 (6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

इस मामले में पुलिस ने बताया , कि पुलिस अधीक्षक श्री पांडे , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह और आयुष गुप्ता के निर्देशन पर परासिया एसडीओपी जितेन्द्र सिंह जाट , थाना प्रभारी विजय राव माहोरे के नेतृत्व में टीम गठित कर सीसीटीवी कैमरे की सूक्ष्म मानिटरिंग तथा थाने की माइक्रो बीट लेवल के पुलिस स्टाफ को भी संदिग्धों की फुटेज देकर पता साजी हेतु निर्देशित किया गया था। टीम के द्वारा लगातार घटना स्थल एवं आसपास के सी सी टी वी कैमरों की फुटैज और तकनीकी विश्लेषण से पांच संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।

जिन्होंने पूछताछ के दौरान लूट की योजना बनाकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है आरोपियों के पास से पुलिस ने दो मोटरसाइकिल और 55000 नकदी के अलावा मोबाइल फोन भी जप्त किया है। पुलिस ने यह भी बताया , कि आरोपियों ने देहात थाना अंतर्गत एक बाइक चोरी करना भी स्वीकार किया है। आरोपियों में एक आरोपी प्रार्थी के ही गांव का रहने वाला है। जिसकी सूचना पर कि आरोपियों में घटना को अंजाम दिया बताया जा रहा है।

# 9 से 11 अप्रैल तक सौंसर में लगेगा पुस्तक मेला

### सहायक संचालक ने ली निजी स्कूल संचालकों, दुकानदारों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



हाल ही में सौंसर में निजी स्कूल मैं अध्यापन करने वाले बच्चों के साथ में पुस्तक,खरीदी में बुक स्टॉल संचालकों के द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में पालक शिक्षक संघ के द्वारा विधायक विजय चौरे को ज्ञापन सौंपकर सौंसर क्षेत्र में पुस्तक मेले का आयोजन, बुक स्टॉल संचालकों के द्वारा पालकों को पक्के बिल नही देना, एनसीईआरटी के किताबों की जगह पर प्राइवेट पब्लिकेशंस की बुक लगाने, क्षेत्र की निजी सीबीएसई स्कूलों में चल रही स्कूल संचालकों की मनमानी पर लगाम कसने के उद्देश्य से ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद में विधायक विजय चौरे के द्वारा तुरंत हरकत में आते हुए सौंसर क्षेत्र में पुस्तक में लेकर आयोजन करने को लेकर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा की गई थी। उसके बाद में अब सौसर में 9 अप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। इधर मध्य प्रदेश पालक संघ जिला अध्यक्ष पंकज ठाकरे ने बताया कि पालकों को बुक स्टॉल एवं जिन दुकानों से गणवेश खरीदी की जा रहे हैं उन दुकान संचालकों के द्वारा पक्के बिल देने चाहिए।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विधायक विजय चौरे के द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को हड़काने के बाद में सौंसर शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। शनिवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने 9 से 11 अप्रैल तक संपन्न होने वाले पुस्तक मेले को लेकर सभी निजी स्कूल संचालक को एवं बूक स्टाल संचालकों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। जनपद शिक्षा केंद्र सौंसर में सहायक संचालक शिक्षा कु.रश्मि कुशरे द्वारा बैठक लेते हुए पुस्तक मेले के संबंध में जानकारी दी। सौंसर में 9 अप्रैल से 11 अप्रैल तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सी.एम. राइस सौंसर में पुस्तक मेला आयोजित होगा।

### सांसद ने दी रामनवमीं की शुभकामनाएं

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों को रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आज प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव है वे धर्म और न्याय के प्रतीक है। आज भगवान श्रीराम के आदर्शो, सत्य, प्रेम, करुणा और कर्तव्य को याद रखने का अवसर है। उनका जीवन आदर्श एवं मर्यादापूर्ण था। आइये इस दिन हम सभी अपने जीवन में इन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लें। रामनवमी का त्यौहार बेहद ही खास और पवित्र माना जाता है।

# नाबालिग से सौतेले पिता ने किया बलात्कार

### मां की शिकायत के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

देहात थाना पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 04.04.25 को प्रार्थिया/पीडिता की मां द्वारा एक लिखित शिकायत आरोपी ऐजाज अंसारी पिता गफ्फार अंसारी उम्र 30 साल निवासी कुकड़ा जगत थाना देहात के विरुद्ध दी गई की।

आरोपी ऐजाज अंसारी द्वारा प्रार्थिया की नाबालिक बेटी के साथ कई बार बलात्कार करने तथा जान से मारने की धमकी देने संबंधी आवेदन पेश की जो आवेदिका कि शिकायत पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 376AB, 376(2)n, 376(2)f, 506 IPC, 5(L)/6, 5(M)/6, 5(N)/6 POCSO ACT का पटित होना पाया जाने से मामले की गम्भीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया। एवं अप.क्र. 179/25 धारा 376AB 376(2)n, 376(2)f, 506 IPC, 5(L)/6, 5(M)/6, 5(N)/6 POCSO ACT का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय छिन्दवाडा श्री अजय पाण्डे एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आयुष गुप्ता (IPS) के मार्गदर्शन में श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय अजय राणा के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात द्वारा त्वरित कार्यवाही कर टीम गठित की गई टीम द्वारा लगातार प्रयास कर प्रकरण के आरोपी ऐजाज अंसारी पिता गफ्फार अंसारी उम्र 30 साल निवासी कुकड़ा जगत को 24 घण्टे के भीतर पकडा गया। एवं आरोपी की गिरफ्तारी की गई है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जाता है। गिरफ्तार आरोपी ऐजाज अंसारी पिता गफ्फार असारी उम्र 30 साल निवासी कुकड़ा जगत थाना देहातविशेष भूमिका निरीक्षक जी एस राजपूत थाना प्रभारी देहात, आर 148 शेरसिंह, आर 870 पन्नालाल इनवाती आर 8.36 उमेश उइके थाना देहात की विशेष भूमिका रही।

### भाजपा नगर मंडल हर बूथ पर मनाएगा पार्टी का स्थापना दिवस

**जुन्नारदेव।** भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव की कामकाजी बैठक शनिवार को स्थानीय वनवासी कल्याण आश्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष विवेक चन्द्रवंशी ने 6 एवं 7 अप्रैल को मंडल के सभी बूथों पर पार्टी का स्थापना दिवस मानने को लेकर जानकारी साझा की साथ ही आगामी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती को मनाने को लेकर प्राप्त दिशा निर्देशों से उपस्थित जनों को अवगत कराया। बैठक में दोनों आयोजनों को मनाने को लेकर रूप रेखा बनाई गई।

### 38 लाख के 201 मोबाइल पाकर खुश हुए मोबाइल मालिक

# छिंदवाड़ा पुलिस ने चोरी हुए मोबाइल लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



पुलिस ने चैत्र नवरात्री (दुर्गाष्टमी) का उपहार आम जनो को दिया है, गुम हुए 37 लाख 95 हजार रुपये कीमत के 201 मोबाइल मालिकों को लौटाए गए, मोबाइल पाकर मालिकों के चेहरे में आई मुस्कान।वर्ष 2025 मे 84 लाख 76 हजार रुपये कीमत मे 452 मोबाईल फोन मालिको को लौटाये जा चुके है।

पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पांडे के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन में जिले की सायबर सेल टीम द्वारा एक बार पुनः गुम मोबाईल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही कर 37 लाख 95 हजार रुपये कीमत के 201 मोबाईल फोन जिले, जिले के बाहर एवं बाहरी राज्यों से बरामद कर आवेदको के सुपुर्द किये गये ।विगत कुछ महिनों में पुलिस को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मोबाईल फोन गुम जाने संबंधी अनेक शिकायतें प्राप्त हुई थी ।जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सीधे प्राप्त ऐसी समस्त शिकायतों में त्वरित कार्यवाही करने हेतु सायबर सेल की टीम द्वारा गुम मोबाईल को तकनीकी सहायता से ट्रेस किया गया जिसमें विभिन्न कम्पनियों के मोबाईल बरामद किये गये । उक्त मोबाईलों को छिन्दवाड़ा पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व सायबर सेल की टीम द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेंस में मोबाईल मालिकों को सुपुर्द किया गये ।

बरामद किये गये उक्त मोबाईल शासकीय कर्मचारी, टीचर, प्राईवेट जॉब, आर्मी मेन, व्यापारी, दुकानदार, विद्यार्थी, ऑटो चालक, ट्रेक्टर ड्राइवर, मजदूर, गृहणी, किसान, व अन्य व्यक्तियों के थे जिन्हे पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मोबाइल फोन प्रदान किया गया ।छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा एक बार पुनः सामुदायिक पुलिसिंग का परिचय देते हुये चैत्र नवरात्री (दुर्गाष्टमी) के अवसर पर मोबाइल धारकों को गुमे हुये मोबाइल सुपुर्द किये गए।




## भक्तों की नवरात्र में उमड़ रही भीड़, श्रद्धालु रखते है मनोकामना कलश, भक्तिमय हुआ वातावरण

# कपुर्दा का षष्ठी माता मंदिर जहां होती हैं भक्तों की मुरादें पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

जिले की चौरई तहसील के ग्राम कपुर्दा में स्थित षष्ठी माता मंदिर धार्मिक आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर अपनी विशेष मान्यताओं और भव्य आयोजन के लिए प्रसिद्ध है। सालभर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, विशेषकर मंगलवार और शनिवार को यहां भक्तों की उपस्थिति अधिक देखी जाती है। इस नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर में भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर प्रबंधन समिति के अनुसार इस बार 4000 से अधिक ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। यह आयोजन भक्तों के उत्साह और श्रद्धा का प्रतीक है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है, जिससे भक्तों को आध्यात्मिक शांति का अनुभव हो।



### भक्तों की बढ़ती संख्या

नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तजन पहुंचते हैं। श्रद्धालु मां षष्ठी के दर्शन के लिए दूर-दराज के गांवों और शहरों से आते हैं। भक्तजन अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विशेष पूजा-अर्चना और ज्योति कलश स्थापित करते हैं। षष्ठी माता मंदिर का विशेष महत्व है। यहां आने वाले भक्तों का मानना है कि माता के दर्शन मात्र से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। माता के प्रति आस्था और विश्वास के चलते यहां हर वर्ष नवरात्रि पर भक्तों का उत्साह चरम पर रहता है।

# अधिकारी-कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौरई

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स की जिला शाखा छिंदवाड़ा एवं प्रदेश स्तर के निर्देशों के अनुरूप मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ विकासखंड चौरई के पदाधिकारियो द्वारा शासन के सम्मुख अपनी विभिन्न मांगों के शीघ्र निराकरण के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विकासखंड चौरई को शासन के सम्मुख अपनी मांगे प्रेषित करने हेतु ज्ञापन दिया गया जिसके मांगो के बिंदु निम्न अनुसार है 1. माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पदोन्नति हेतु दिनांक 28 1 2022 को जो निर्णय दिया गया है उस निर्णय का पालन करते हुए नवीन पदोन्नति नियम को लागू किया जाए। विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के रिक्त बैकलॉग पदों कि शीघ्र पूर्ति की जाए। ठेका पद्धति एवं आउटसोर्स की प्रथाएं तत्काल बंद की जाए। . मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाए। मध्य प्रदेश शासन के अधिकतर विभागों में आरक्षित वर्ग के वरिष्ठ अधिकारियों को नजर अंदाज कर कनिष्टों को उच्च पदों का प्रभार देकर आरक्षित वर्ग के अधिकारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

# मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर का भव्य निर्माण कार्य, चैत्र नवरात्रि पर्व पर पूजन आराधना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमुआ

आदि शक्ति भवानी माता काली जी के दरबार में मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर 24 25 खदान दमुआ नंबर 12 की मां की कृपा आशीर्वाद से मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ है मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर का भव्य निर्माण मां काली जी की कृपा आशीर्वाद से एवं भक्त जनों के अथक प्रयास एवं सहयोग से निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है । रंग रोगन साज सज्जा मंदिर में मार्बल लगाई जा रही है और सजावट किया जा रहा है जबकि मां काली जी के दरबार में हर माह की 13 तारीख को मासिक पूजन अनुष्ठान भी होता है और चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिदिन माता काली जी की पूजन पाठ उपासना आराधना आरती भी हो रही है भाव भक्ति के साथ भक्त श्रद्धालु जन मन से मां की सेवा में लगे हुए हैं नवनिर्माण मंदिर एवं मां काली के दर्शन करने के लिए भक्त श्रद्धालु धर्म प्रेमी नागरिक गण सभी अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचे और पुण्य लाभ प्राप्त करें ।ज्ञात हो कि श्री मुकेश श्रीवास्तव जोकि सरल स्वभाव के धनी है और समाजसेवी भक्त भी है जिन्हें माता ने सपने में दर्शन देकर मां के मंदिर की ओर ध्यान आकर्षित कराया उसी स्वप्न से श्री मुकेश श्रीवास्तव द्वारा मंदिर को भव्य बनाने का बीड़ा उठाया गया और आज मंदिर ने भव्य रूप धारण कर लिया है और बनकर तैयार हो गया है।



# माहेश्वरी समाज ने निकाली गई चुनरी मनोरथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौरई



चौरई नगर में शुक्रवार को माहेश्वरी महिला मंडल व सेवा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में चुनरी मनोरथ यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें चौरई सकल मारवाड़ी समाज द्वारा अपनी सहभागिता दी गई। भव्य मनोरथ चुनरी यात्रा का शुभारंभ स्थानीय माता मंदिर में पूजन के साथ हुआ जो कि नगर के मुख्य मार्ग होते हुये संतुष्टि लॉन पहुँची। यात्रा मार्ग में भक्तजनों के द्वारा जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर विधायक कार्यालय के सामने विधायक चौधरी सुजीतसिंह के द्वारा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मनोरथ चुनरी यात्रा पूजन कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के पश्चात लॉन परिसर में पूजन अर्चन कर यमुना जी की आरती की गई व चुनरी उत्सव मनाया गया। साथ ही उपस्थित भक्तों को भोजन प्रसादी भी कराया गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिये माहेश्वरी महिला मंडल व सेवा मंडल द्वारा सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया गया है।

## थाना चौरई पुलिस ने खेत की नरवाई में आग लगाने वाले के विरूध्द प्रकरण किया पंजीबद्ध

**चौरई** :विगत दिनो में धाना चौरई क्षेत्र एवं जिला छिंदवाडा में खेत में आग लगने की लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी। इसी तारतम्य में जिला दंडाधिकारी महोदय छिंदवाडा द्वारा दिनांक 21/03/25 को आदेश पारित किया गया कि जिला छिंदवाड़ा की सम्पूर्ण राजस्व सीमा के खेतो में गेहूँ, चना, कपास, एवं नरवाई में आग लगाया जाना प्रतिबंधित किया जाता है। जिसका उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।चौरई थाना प्रभारी गणपत सिंह उइके ने बताया कि आज दिनांक 05/04/25 को ग्राम सुरजना में सूचना मिली कि फूलकुमार सनोडिया निवासी सुरजना ने अपने खेत की नरवाई में लापरवाही पूर्वक आग लगाया है जो उसके खेत से आग आसपास के अन्य किसान आशीष शर्मा, विनय शर्मा, शिवा शर्मा, लक्ष्मण शर्मा के खेत में भी लग गयी है जिससे दो एकड गेहू की फसल कीमती 125000 रूपये एवं अन्य किसानो के खेत में रखे प्लास्टिक के पाईप, तार जल गये है जो प्रार्थी शिवकुमार पिता हरिप्रसाद शर्मा उम्र 50 साल निवासी सुरजना थाना चौरई की रिपोर्ट पर खेत में आग लगाने वाले आरोपी फूलकुमार पिता नत्थू सनोडिया उम्र 60 साल निवासी सुरजना थाना चौरई के विरूध्द अप.क्र.289/25 धारा 223,287 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण पंजीबध्द किया गया है।

# तीन दिवसीय गरबा महोत्सव पर सजा मातारानी का दरबार

**दमुआ।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा जी की पूजा आराधना उपासना का विशेष महत्व रहता है जिसमें इस वर्ष दमुआ शहर में त्रिशा लॉन पुराना दमुआ में तीन दिन से गरबा डांडिया महोत्सव का कार्यक्रम भूमि का भास्कर पंकज साहू आयोजित मित्र मंडली दमुआ के तत्वाधान में किया गया है गरबा महोत्सव आयोजन में भारी संख्या में भक्ति श्रद्धालुओं धर्म प्रेमी बंधु एवं मातृशक्ति महिलाएं बालिका बालक युवक पुरुष आदि सभी भक्तगण ने गरबा महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचकर माता रानी जी के सजे दरबार में गरबा डांडिया करके अपनी हाजिरी लगाई गरबा महोत्सव के तीसरे दिवस 4 अप्रैल को सभी भक्त गणों ने माता जी के दरबार में अधिक संख्या में पहुंचकर सभी ने गरबा डांडिया में थिरकते नाचते हुए अपनी हाजिरी लगाई और भरपूर भाव भक्ति के साथ मां की सेवा आराधना उपासना भाव भक्ति में डूबे रहे और माता के समक्ष भक्त जनों ने पूर्ण लाभ भी अर्जित किया गया।

## जुमदेव बाबा के जयकारों से गूंजा अवंतीबाई स्टेडियम

# महान त्यागी बाबा जुमदेव की जन्म जयंती पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

वारासिवनी। जनपद पंचायत खैरलांजी मुयालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा जुमदेव की जयंती का महोत्सव धूमधाम और भजन-कीर्तन के साथ मनाया गया। बाबा जुमदेवजी ने परमात्मा एक मानव धर्म की स्थापना की है, वह 3 अप्रैल 1921 को नागपुर में जन्मे थे। इसी क्रम में बाबा के बनाए मार्ग पर चलने वाले उनके सेवक मंडल के सदस्यों ने भी खैरलॉजी मुयालय के जनपद पंचायत स्थित अवंतीबाई स्टेडियम में बाबा की 104 वीं जयंती 5 अप्रैल को सैकड़ों सेवक मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में भक्तिमय माहौल के बीच मनाई गई।



### खैरलॉजी में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

बाबा जुमदेव की जन्म जयंती पर खैरलॉजी में भव्य शोभा यात्रा निकालकर बाबा के मार्ग पर चलने वालों ने क्षेत्रवासियों को शराब, गांजा, अंधश्रद्वा तथा अन्य बाधाओं से मुक्ति हेतु विशेष संदेश दिया। बाबा की जयंती पर आयोजित शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्वालुओं ने सहभागिता लेते हुए बाबा जुमदेव के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सुबह 7 बजे मानव धर्म के सेवक कीर्ति कुमार देवगड़े के यहॉ हवन-पूजन का कार्य सपन्न हुआ। जिससे मुयालय में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

### फूल और कांटे में जो जैसा बोएगा, वैसा काटेगा- विधायक विवेक विक्की पटेल



परमात्मा एक सेवक मंडल के अंतर्गत आयोजित बाबा जुमदेवजी की जयंती पर वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्की पटेल ने कहा कि बाबा के मार्ग पर चलने वाले उनके समस्त अनुयायी हमेशा बुरे व्यसनों से दूर रहने के लिये समाज को प्रेरित करते रहते हैं। क्योंकि बाबा जुमदेवजी ने जीवन भर सामाजिक बुराईयों के खिलाफ आवाज उठाई और जाति धर्म से ऊपर उठकर मानवता का संदेश दिया। उनके अनुयायी आज भी उनके बताये मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा में सक्रिय है। क्योंकि अगर आप फूल लगाओगे, तो फूल मिलेगे और कांटे लगाओगे, तो कांटे मिलेंगे। इसका साफ मतलब है कि आप जैसा बोओगे, वैसा काटोगे। उन्होने कहा कि बाबा जुमदेवजी ने जातीय भेदभाव को खत्म करते हुए यह बीड़ा अब हम सबको सौंपा हैं, जिसे वह बतौर विधायक आप सबके साथ इसे आगे बढ़ायेगे।

### बाबा के विचारों को जन जन तक पहुॅचायेगे

इस अवसर पर मानव धर्म सेवक मंडल के प्रबुद्धजनों ने भी अपने-अपने विचारों को मंच से साझा करते हुए उपस्थित सेवकों ने संकल्प लिया कि बाबा के विचारों को वह जन-जन तक पहुंचायेंगे। खैरलॉजी के सेवक मंडलों में मार्ग पर चलने वाले युवाओं ने इस बार बाबा की जन्म जयंती मनाने का बीड़ा उठाया था। उन युवाओं में क्षेत्रीय पत्रकार अनिल कातरे ने बताया कि मानव रूप में जन्म होना भाग्य है, लेकिन मानव धर्म का सेवक बनकर जीना सौभाग्य है।

जन्म जयंती के आयोजन में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल, अनिल पिपरेवार, पत्रकार देवी लिल्हारे, ज्ञानीराम लिल्हारे, संजय दमाहे, कीर्ति कुमार देवगड़े मार्गदर्शक, सुभाष तुमसरे, योगेश रिनायत, युवराज चौधरी, श्यामा काबड़े, महेन्द्र खजरे, शुभम लिल्हारे, प्रमोद लिल्हारे एवं समस्त सेवक मंडल के महिला पुरूषों की बड़ी संया में उपस्थिति रही।

# टिहलीबाई माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित

वारासिवनी। शिक्षाविद् स्व. दादूलाल पालीवाल की तपोस्थली टिहलीबाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में प्रवेश उत्सव के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी सुरेन्द्र बिसेन एवं खेल प्रशिक्षक गणेश सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े डॉ. डेलेन्द्र गौतम एवं डॉ. मनोज पंवार के आतिथ्य तथा विद्यालय के प्रधान पाठक पंचम हनवत की अध्यक्षता, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में सपन्न हुआ।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा विद्यालय की प्रतिभाओं को पेन देकर उत्साहवर्धन किया गया एवं सभी विद्यार्थियों का कार्यक्रम के दौरान मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया।



### अनुशासन में रहकर पढ़ाई करे- सुरेन्द्र बिसेन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेना से सेवानिवृत्त सुरेन्द्र बिसेन ने बच्चों को अनेक प्रकार से भविष्य की पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह तब ही संभव हैं, जब आप अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गुरूजनों की बात मानकर अनुशासित ढंग से करेंगे। आपने सेना में जाने के अनेक अवसरों पर सारगर्भित तरीके विद्यार्थियों को समझाया।

### स्वस्थ रहकर पढ़ाई पर ध्यान दे- गणेश सिंह ठाकुर

अतिथि गणेश सिंह ठाकुर द्वारा बच्चों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने की बात पर जोर देते हुए स्वस्थ रहने के अनेक सुझाव व तरीके बताये गये। कार्यक्रम में अतिथि स्वास्थ्य सेवा में संलग्न डॉं. डेलेन्द्र गौतम द्वारा विद्यार्थियों को चिकित्सा के माध्यम से समाज सेवा में उपयोगिता पर बल दिया गया। डॉ. मनोज पंवार ने विद्यार्थियों को चिकित्सा की पढ़ाई हेतु कक्षा 8 वीं से ही जागरूक होने की बात कही।

### भविष्य का कैरियर अभी से तय करे- पंचम हनवत

संस्था प्रधान पंचम हनवत ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सत्र 2025-26 में अच्छी पढ़ाई करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने भविष्य में विद्यार्थियों को किस दिशा में अपना कैरियर निश्चित करना हैं? उसे अभी से तय करने की सलाह दी। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संस्था शिक्षक संतोष वाल्दे ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका श्रीमती अंजू वासनिक, श्रीमती शीला ठाकुर, सुश्री अंजू नगपूरे, श्रीमती अनिता देवीकर एवं विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# माता पिता के त्याग व संघर्ष से प्रेरित होकर पुत्र ने बना दिया माता पिता का मंदिर

**किरनापुर।** जीवन मे अनेकों प्रेरणादायी कहानियां एवं किस्से लोगों के सामने दिखाई व सुनाई देते हैं। किन्तु वर्तमान समय मे एक ऐसा भी पुत्र है जिन्होंने अपने माता पिता के संघर्षमय जीवन एवं त्याग से प्रेरणा लेकर उनकी स्मृति मे मंदिर ही बनवा दिया। तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत किरनापुर के शांतिनगर निवासी मंगलप्रसाद रैकवार ने अपने माता पिता के त्याग और संघर्षमयी जीवन से प्रेरित होकर मंदिर बना दिया और उस मंदिर मे अपने स्वर्गीय पिताश्री रामरतन रैकवार जी, बड़ी माताश्री स्वर्गीय शुभन्तिजी रैकवार, माताश्री पार्वतीजी रैकवार की प्रतिमा स्थापित कर 5 अप्रैल 2025 को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अपने बीते दिनों को याद कर भावुक होते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मंगल प्रसाद रैकवार ने बताया कि उनके पिता रामरतन जी रैकवार और मां शुभन्ति बेहद ही गरीब परिवार से थे उनकी कोई संतान नहीं होने पर मां शुभन्ति ने अपने पति का दुसरा विवाह अपनी ही मौसी की पुत्री पार्वती से करवाया था। रामरतन और मां पार्वती की दो संतान मंगलप्रसाद रैकवार और सीताबाई हुई। जब हम बच्चे छोटे छोटे ही थे तब पिताजी का 1993 मे निधन हो गया। उसके बाद दोनो माताओं ने बड़े ही संघर्ष का जीवन जीते हुए हमारा पालन पोषण किया। मुर्रा बेचा, तालाब के सिंघाड़े बेचे। वही बेसरम की लकड़ी व गोबर के कंडो से खाना बनाते थे इस तरह जीवन मे कई संघर्ष कर हमे पढ़ाया लिखाया। बहन सीताबाई का विवाह करवाया लेकिन विवाह के बाद दो माह ही बीते थे कि सीता बाई की सर्पदंश से मृत्यु हो गई। मां पार्वती गांव गांव मुर्रा बेचती थी एक समय की बात है मकर संक्रांति के दिनों मे ग्राम बम्हनगांव मै मुर्रा का बोरा लेकर जाता था एक बार मैने अपनी मां से पूछा खाना खा लिए क्या आज क्या बनाया था तो उसने जवाब दिया कि गोभी बनाई थी, दूसरे दिन गया और पूछा तो बताया कि भटे की सब्जी बनाई हु। तीसरे दिन गया और पूछा तो बताई कि आज बरबट्टी बनाई हूं। तो यह सुनकर पड़ोस मे रहने वाली चाची बोली क्यों झूठ बोल रही हो तीन दिनों से तो चटनी भात खा रही हो और लड़के को बता रही हो कि ये सब्जी खाई वो सब्जी खाई। इस तरह अपना पेट काट- काट कर मां ने मेरी पढ़ाई करवायी। पूर्व परिवहन मंत्री स्व. लिखीरामजी कावरे ने हमारी गरीब परिस्थिति को देखते हुए उकवा मे मुझे वन विभाग मे दैनिक वेतनभोगी की नौकरी दिलवाई थी। तब उस समय के एसडीओ सहारेजी ने मुझे बोला कि तुम इस तरह दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की नौकरी से कुछ नहीं कर सकते। पढ़े लिखे हो,अपना स्वयं का कोई काम धंधा कर लो तो कामयाब हो जाओगे। उनकी यह बात सुनकर वापस किरनापुर लौट आया और पुस्तैनी जमीन को टुकड़ों मे बेचा, फिर से ज़मीन खरीदने बेचने का काम शुरू किया।

# लाखों की लागत से बना डूंडा सिवनी का सुलभ शौचालय में लगा रहता है ताला

**जब देशभर में स्वच्छ भारत अभियान को गति देने की बात हो रही है, तब डूंडा सिवनी का यह शौचालय एक साल से उपयोग में न आना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की निष्क्रियता और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण यह शौचालय आज भी बंद पड़ा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के डूंडा सिवनी क्षेत्र में स्थित एक सुलभ शौचालय इन दिनों स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह शौचालय लगभग एक वर्ष पूर्व बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन दुर्भाग्यवश आज भी इसमें ताला लटका हुआ है, और इसका उपयोग आमजन नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के बीच चुटकुलों की तरह बातें चल रही हैं कि शायद इस शौचालय का उद्घाटन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, तभी इसे आमजन के लिए खोला जाएगा। यह बयान व्यंग्य के साथ-साथ व्यथा को भी दर्शाता है। आखिरकार, एक आम नागरिक को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए इतना लंबा इंतजार क्यों करना पड़ता है? सिवनी जिले के डूंडा सिवनी क्षेत्र में स्थित एक सुलभ शौचालय इन दिनों स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह शौचालय लगभग एक वर्ष पूर्व बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन दुर्भाग्यवश आज भी इसमें ताला लटका हुआ है, और इसका उपयोग आमजन नहीं कर पा रहे हैं।



### ग्रामीणों को हो रही है गंभीर समस्याएं

डूंडा सिवनी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के पास तो घरों में शौचालय की सुविधा है, लेकिन आसपास के ग्रामीण इलाकों से आने वाले नागरिकों को सार्वजनिक शौचालय बंद होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं, बुजुर्ग, और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

### स्वच्छ भारत अभियान पर प्रश्नचिन्ह

जब भारत सरकार का प्रमुख मिशन स्वच्छ भारत अभियान हो, और जगह-जगह सुलभ शौचालयों का निर्माण कर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हों, तब ऐसे में इन सुविधाओं का सही तरीके से संचालन न हो पाना, अभियान की सफलता पर प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। क्या मात्र फोटू खिंचवाकर और उद्घाटन का इंतजार करके हम वास्तव में स्वच्छता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं? सिवनी जिले के डूंडा सिवनी क्षेत्र में स्थित एक सुलभ शौचालय इन दिनों स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह शौचालय लगभग एक वर्ष पूर्व बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन दुर्भाग्यवश आज भी इसमें ताला लटका हुआ है, और इसका उपयोग आमजन नहीं कर पा रहे हैं।

### स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता और जवाबदेही की कमी

सिवनी जिला प्रशासन से लेकर नगरपालिका तक, सभी जिम्मेदार अधिकारियों ने इस शौचालय को शुरू करवाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की है। न तो इसका कोई औपचारिक उद्घाटन हुआ, और न ही इसे स्थानीय निकायों के हवाले संचालन हेतु सौंपा गया।

### जनप्रतिनिधियों की चुप्पी

जिन जनप्रतिनिधियों को जनता ने समस्याओं के समाधान हेतु चुना, वे इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय पार्षद, विधायक या सांसद में से किसी ने भी आज तक इस शौचालय की स्थिति पर न तो कोई बयान दिया है और न ही कोई कार्यवाही सुनिश्चित की है। स्थानीय लोग इस बंद शौचालय को लेकर निराशा और व्यंग्य के मिश्रित भाव से देख रहे हैं। जहां लोगों की भावना यह है कि यह सुविधा जल्द से जल्द शुरू हो, वहीं सिस्टम की संवेदनहीनता इस बात को दर्शाती है कि प्रशासनिक मशीनरी आम नागरिकों की बुनियादी ज़रूरतों को लेकर कितनी लापरवाह है।

## खबर संक्षेप

### विशाल देवी जागरण में अंतरराष्ट्रीय गायिका संजो बघेल ने बांधा समा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के छपारा खैर माई मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माता रानी के 151 कलश के मनोकामना जवारे रखे गए हैं, रात्री में संस्कार धानी जबलपुर की प्रसिद्ध गायिका संजो बघेल द्वारा सुन्दर सुंदर झाकियों और भजनों एवं देवी गीतो ने समा बांधा,, इस अवसर पर केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होकर माता रानी की पूजन अर्चन कर श्री कृष्ण के भजनों में झूमते नजर आए, वही देवी जागरण में हजारों की संख्या में लोग संजो बघेल को सुनने आप पास के गांव से भी छपारा खैर माई मंदिर प्रांगण में पहुंचकर भजनों एवं देवी गीतो का आनंद उठाएं इस दौरान छपारा पुलिस की व्यवस्था सरायनीय रही , वही आयोजक समिति खैर माई मंदिर डुंगरिया छपारा ने कार्यक्रम में पधारे सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

### विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर नगर भाजपा दक्षिण मंडल की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भाजपा की स्थापना दिवस 6 अप्रेल से लेकर के 25 अप्रेल तक भारतीय जनता पार्टी के संपन्न होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर नगर भाजपा दक्षिण मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिले के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष वेद सिंह ठाकुर , पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुदर्शन बादल वरिष्ठ नेता नरेंद्र टांक , जिले के उपाध्यक्ष आनंद शर्मा , वरिष्ठ नेता गोपाल पवमे जी, वरिष्ठ नेता सुरेश भांगरे , नगर अध्यक्ष अभिषेक दुबे जी उपस्थिति रहे। मंच संचालन नगर उपाध्यक्ष राजू यादव जी ने किया आभार प्रदर्शन नगर महामंत्री बादल बैन ने किया।

## सनातन टूर्नामेंट का उद्देश्य हम सब एक हैं हम सब हिंदू हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सनातन कप के तत्वाधान में कुर्मी एकादश व्हीएस बघेल एकादश के मध्य में खेला गया सनातन कप का यह रोमांच कारी मैच बड़ा ही रोमांचक रहा दर्शकों ने इस मैच का लुफ्त उठाया दोनों ही टीम के द्वारा भरशक प्रयास किया गया अपनी टीम को विजय श्री दिलाने हेतु सनातन कप का उद्देश्य हार और जीत नहीं है इस टूर्नामेंट का उद्देश्य हम सब एक हैं हम सब हिंदू हैं का संदेश जन-जन में प्रेषित करना है।

### कमलेश मिश्रा पंचतत्व मे विलीन

केवलारी- नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं डोकरराजी निवासी मिथिलेश मिश्रा,गोपाल मिश्रा के बड़े भाई,मनीष मिश्रा के पिता जी श्री कमलेश मिश्रा सेवानिवृत्त सिंचाई विभाग कर्मचारी एवं मनीष लॉज के संचालक सिविल अस्पताल के सामने केवलारी जोकि पूरे केवलारी क्षेत्र में जय भारत के नाम से प्रसिद्ध थे का आकस्मिक निधन हो जाने से नगर के मुख्य मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ जिसमें भारी संख्या लोगो ने शामिल होकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 25 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के बरेला गांव में बरेला गांव निवासी 25 वर्षीय ओमश्री गोल्हानी की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। घटना सुबह करीब 10 बजे की है। ओमश्री गांव के पास स्थित तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घंसौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नदी-तालाब में नहाते समय सावधानी बरतें और गहरे पानी में न जाएं।

# आज धूमधाम से मनाया जायेगा श्रीराम जन्मोत्सव दोपहर 3 बजे से निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**जय श्रीराम के जय घोष से गुंजायमान और हजारों दीपों की जगमग रोशनी से जगमगाता श्रीराम दरबार गांधी चौक शुक्रवारी जहां चैत्र नवरात्र के साथ नव वर्ष के इस पावन अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित सनातनी बंधुओं में मातृशक्ति बढ़ चढक़र हिस्सा ले रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



नगर के हृदय स्थल नाम से पहचाने जाने वाला गांधी चौक (शुक्रवारी) जहां श्रीराम दरबार में शाम होते ही सभी उम्र के श्रृद्धालुओं की भीड़ आकर्षक साज सज्जा से सजे श्रीराम दरबार के दर्शन करने उमड़ रही है जो रात्रि 8 बजे से सुमधुर भजन, स्तुति और सामूहिक महाआरती में अपनी व अपने परिवार जनों की उपस्थिति दर्ज कराने के प्रति हर रोज आतुर रहती है।
ज्ञात हो कि विगत 2 अप्रैल को नगर के हृदय स्थल गांधी चौक के मंच पर स्थापित श्रीराम दरबार में आस्था की डुबकी लगाने के लिए सभी धर्मों के अनुयायियों की उपस्थिति रहती है वहीं श्रीराम जी की आरती उतारने के लिए सनातनी बंधु पूरे श्रद्धाभाव से लालायित रहते हैं। सर्व प्रथम भारत माता की जय कार के साथ राष्ट्रगान के पश्चात श्रीराम स्तुति और फिर श्रीराम जी के गगनभेदी जयघोष के बाद सामूहिक आरती का विहंगम दृश्य व सैंकड़ों दीपों की रोशनी से जगमगाता श्रीराम दरबार अद्भुत और अलौकिक नजर आता है।

इसी कड़ी में प्रति वर्षानुसार 6 अप्रैल रामनवमी को सुबह 9 बजे से गांधी चौक स्थित श्रीराम मंदिर में भजन-कीर्तन, पूजा अर्चना के साथ दोपहर 12 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से एक भव्य शोभायात्रा श्रीराम जी की जय जयकार के साथ निकाली जाएगी जो श्रीराम मंदिर से नेहरू रोड होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः गांधी चौक शुक्रवारी में ही आकर समाप्त होगी जहां महाप्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता कर आम जन कर रहे जल स्त्रोतों का उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरई।

प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन-अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में-जलस्त्रोतों तथा नदी, कुंओं, तालाबों, बावड़ियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, साथ ही इस अभियान जनसमुदाय को जोडने के लिए जागरूकता रैली और दीवार लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड लखनादौन द्वारा शनिवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,महिला बाल विकास विभाग के साथ दीवार लेखन कार्य,लिंचपैड टैंक में श्रमदान किया गया। अभियान के प्रचार- प्रसार के लिए चौपाल का आयोजन कर जनजागरूकता फैलाई गई। अभियान अंतर्गत जलाशय की सफाई के साथ ही नगरीय क्षेत्र में प्याऊ स्थापित किये गये अभियान अंतर्गत आयोजित



गतिविधियो के क्रम में जल संसाधन संभाग द्वारा जन सहभागिता से कुटमेली जलाशय से झाड़ी सफाई का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त नगरपरिषद बरघाट में प्रमुख स्थानों पर आम जनों के लिए शीतल जल प्याऊ लगाए गये।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत खैर माई मंदिर मे की गई साफ सफाई

जल गंगा संवर्धन अभियान म प्र जन अभियान परिषद विकासखंड केवलारी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुरूप जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं जिला पंचायत सीईओ नवजीवन पवार एवं जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला के निर्देशन में तथा जनपद केवलारी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओमकार ठाकुर के मार्गदर्शन में जनअभियान परिषद विकासखंड समन्वयक अशोक बेंद्रे की उपस्थिति में आज ग्राम पंचायत मैरा के ग्राम कंडीपार में जल संरक्षण हेतु दीवार लेखन, एवं नाले में बोरी बंधान किया गया। खैर माई मंदिर के पास हैंड पंप के आसपास साफ सफाई की गई तथा तथा जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई ।इस कार्यक्रम में सौरभ शुक्ला जिला समन्वय, नवांकुर संस्था न्यू प्रगति शील समिति से उपाध्यक्ष राजिक मंसूरी, आसाराम सिहोसे राहुल चक्रवर्ती,शनि लाल परते, शेख अरफान मंसूरी,मेहतर कांवरे कलावती ठाकुर मेंटर्स एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कंडीपार के अध्यक्ष जीवनलाल धुर्वे एवं सचिन मेर सिंग परते ,एवं कैलाश डेहरिया, सुनील डेहरिया, मंगल भलावी सुग्रीव कुर पेती,बीरबल धुर्वे ,जगदीश इनवाती, हरिराम ठाकुर, माही भलावी ,आरुषि परते ,रानू डेहरिया,आराधना भलावी अखिलेश परते,मदन डेहरिया ,नूर सिंह धुर्वे, गोलू ईनवाती, उपदेश उइके, की उपस्थिति रही।

### कृषि साख सहकारी समितियों के 1 मई से 7 सितंबर तक होंगे चुनाव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले सहकारिता के मध्यप्रदेश में पिछले 8 वर्ष से चुनाव कराए जाने को लेकर हाई कोर्ट पहले भी प्रदेश सरकार को सख्त निर्देश दे चुका है। कोर्ट के बढते दबाव को देखते हुए सरकार ने प्रदेश की 4538 कृषि सहकारी साख समितियों के चुनाव कराने का निर्णय लिया है। सहकारिता के चुनाव प्रदेश में 13 साल बाद हो रहे है। कृषि साख सहकारी समितियों के चुनाव 1 मई से 7 सितंबर 2025 तक होंगे। चुनाव पांच चरणों में होंगे, और यह गैर-दलीय आधार पर होंगे ।
यहां बतादें कि भले ही यह चुनाव गैर दलिय आधार पर होते हो परंतु राजनैतिक दलों. के लिए सहकारिता बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। सहकारिता की पकड़ ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत मजबूत होती है। राजनैतिक दल सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने के लिए इन संस्थाओं में अपना वर्चस्व चाहते है।



## पंडा ने अपने सीने में एक कलश व ज्वारे बोये

**जिले के कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलबोडी के ग्राम बिहीरिया के खेड़ापति मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्रि में 30 मार्च से 16 ज्योति कलश स्थापित किए गए। जिसमें पांडा सत्यम चंदेल ने एक कलश व ज्वारे सीने पर बोया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरई।

ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 6 माह से 16 वर्षीय सत्यम चंदेल खेड़ापति की कृपा से शनिवार मंगलवार को खेड़ापति मंदिर में दोपहर दो से आखत लगाते हैं। ओर इस वर्ष निराहार सीने पर ज्वारे एवं कलश स्थापित किए है। 06 अप्रैल को अष्टमी हवन पूजन 07 अप्रैल सोमवार को ज्वारे विसर्जन ओर भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा

### कलबोड़ी में 26 जिलों के ज्योतिकलश स्थापित

. राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 में कुरई विकासखंड के ग्राम कलबोड़ी में नवरात्र के अवसर पर 26 जिले के भक्तों के 463 मनोकामना ज्यांति कलशों की स्थापना की गई है. बताया गया है कि यहाँ 05 अप्रैल को अष्टमी पूजन एवं मूल्य भोजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है. 06 अप्रैल को नवमी तिथि को श्री दुर्गादासानंद बाबा अपने गुरुदेव की प्रतिमा की पूजन अर्चना करके बबूल के काँटे से बनी बासन पर बैठकर सवा घंटे की मौन आसन करेंगे, साथ ही दुर्गादासानंद बाबा खीले की चौरंग पर बैठकर नौ प्रकार की योग आसन करेंगे. इसके बाद श्री माता रानी ज्वालादेवी जी को भोग लगाने हेतु कढ़ाई में सवा लीटर तेल गरम कर अपने हाथों से पुरी निकालेंगे ।

### सडक़ हादसे में एक घायल

धनौरा थाना क्षेत्र के पिपरिया सडक़ मार्ग पर दोपहर को एक सडक़ हादसा हुआ। राजदीप पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत धनोरा पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। धनोरा थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ ने बताया कि घायल व्यक्ति के पास से एक पैन कार्ड मिला है। कार्ड पर नवीन उइके नाम अंकित है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है। बाइक चालकों को हेलमेट पहनने की सलाह दी गई है। इसके बावजूद लोगों की लापरवाही से हादसे हो रहे हैं।

## बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने वाले को मिलेगा ईनाम



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जाती है। योजना के संशोधित प्रावधान के अनुसार 5 प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा। शेष पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली उपरांत देय होगी। कंपनी में कार्यरत नियमित कर्मचारी/ संविदा/ आउटसोर्स कर्मचारी को भी सूचनाकर्ता के रूप में शामिल किया गया है। सूचना सही पाए जाने एवं जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश की पूर्ण वसूली होने पर एक प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि विभिन्न परिसरों की जांच एवं जांच के बाद बनाये गये पंचनामा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध निकाली गयी राशि की वसूली में सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कंपनी ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जांच एवं वसूली के कार्य में शामिल बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों को भी परितोषिक योजना के तहत दी जाने वाली 2.5 (ढाई) प्रतिशत प्रोत्साहन राशि को सभी संबंधितों को समान रूप में दिया जाना निर्धारित किया गया

## धूमा पुलिस ने लगातार अथक प्रयास कर अपहृता बालिका को तलाश कर परिजनों को सौंपा

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा नाबालिक बालक-बालिकाओ की दस्तयावी कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य मे पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर पर भी नाबालिक बालक बालिकाओ की दस्तयावी हेतु विशेष अभियान चलाया गया था। पूरे प्रदेश की पुलिस द्वारा युध्द स्तर पर सक्रिय होकर कार्यवाही की गई थी इसी तारतम्य में थाना धूमा मे दिनांक 30.06.2024 को फरियादी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि मेरे दो भाई एक बहिन है। सबसे छोटी बहिन (अपहृता) है। मेरी बहिन कक्षा 10 तक पढ़ी लिखी है। घर पर रह कर काम करती है। आज से करीबन दो माह पूर्व की बात है। मै मेरी मां के साथ नागपुर काम करने गया था। बहन (अपहृता) एवं मेरी नानी घर पर थी। करीबन 02 माह पूर्व मेरी नानी ने मुझे फोन कर बताया की बहिन (अपहृता) घर से बिना बताये कही चली गई है। घर वापिस नही आई है। मै व मेरी मां घर पर वापस आये व बहिन (अपहृता) की आसपास नाते रिश्तेदारो मे तलाश पतासाजी किये। कोई पता नही चला। मुझे आशंका है कि मेरे बहन (अपहृता) को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है। रिपोर्ट करता हूँ। कार्यवाही की जावें। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि रिपोर्ट पर थाना धूमा मे अपराध धारा 363 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को समझाते हुए थाना पुलिस द्वारा विशेष टीम का गठन करते हुए मुखबिरी तथा पुलिस टीम धूमा लगातार लोकेशन लेने का प्रयास किया गया जो सफलता नही मिली जो दिनांक 04.04.2025 को अपहृता का लोकेशन जिला सिवनी क्षेत्र मे प्राप्त होने पर सूचना पर पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के आदेशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक जी डी शर्मा के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन मे बिना देर किये लोकेशन पर जाकर अपहृता (गुमशुदा) को समक्ष गवाहों के दस्तयाब किया गया एवं गुमशुदा अपहृता बालिका से उसके परिजनो के समक्ष पूछताछ कर बालिका को सुरक्षित उसके परिजन को सुपुर्दनामा मे सौपा गया है। गुमशुदा अपहृता बालिका एवं उसके परिजनो के कथन माननीय न्यायालय में कराये गये है पुलिस कार्यवाही जारी है।

### नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाला आरोपी पहुंचा जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 27.11.2023 को प्रार्थी भगवत सराठिया पिता निवरसी सराठिया उम्म्र 36 वर्ष निवासी ग्राम सालीवाडा थाना छपारा ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 25.11.2023 को इसकी नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना छपारा में अपराध क्रमांक 526/2023 धारा-363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना स्तर पर तत्काल पुलिस टीम का गठन कर मामले में शीघ्र कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन के मार्गदर्शन में छपारा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए तकनीकी सहायता से दिनांक 01.04.2025 को नाबालिग बालिका को नागपुर के रविनगर क्षेत्र से दस्तयाब कर पूछताछ की गई। पीड़िता के कथनानुसार मामले में धारा 363, 366, 376, 376(2)ड्ढ, 376(3) भादवि, 3, 4, 5रु, 6 पाक्सो एक्ट का इजाफा किया जाकर आरोपी सुरेश सराठिया को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है, माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी सुरेश सराठिया को जेल दाखिल किया गया है। सराहनीय कार्य निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उपनिरी सुक्कूलाल उईके, सउनि भुजबल सिंह प्रजापति, सउनि देवेन्द्र जायसवाल, आरक्षक रवि बहेटवार, रतिभानशा इवनाती, मआर सरेखा पहाडे।

### छपारा पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर नागपुर महाराष्ट से दस्तयाब कर बालक को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 04.04.2025 को प्रार्थी रूपराम उर्फ बब्लू पिता संतोष साहू उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम अटामा थाना छपारा जिला सिवनी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 04.04.2025 को इसके बडे भाई मनोहर साहू के नाबालिग पुत्र उम्र 15 वर्ष 3 माह को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना छपारा में अपराध क्रमांक 131/2025 धारा-137(2) बीएनएसएस कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना स्तर पर तत्काल पुलिस टीम का गठन कर मामले में शीघ्र कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन के मार्गदर्शन में छपारा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के अंदर दिनांक 05.04.2025 को अपहृत बालक को नागपुर महाराष्ट से दस्तयाब कर बालक को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

## खबर संक्षेप

### वक्फ अधिनियम से अराजकता और अन्याय का खात्मा : जैनेन्द्र कटरे



**बालाघाट।** लोकसभा के बाद राज्य सभा में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के मुहर लगने पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने कहा, संसद द्वारा पारित यह विधेयक न केवल वर्षों से चले आ रहे अराजकता, अन्याय और अनियमितताओं का खात्मा करेगा, बल्कि न्याय, पारदर्शिता और समानता के नए युग की नींव भी रखेगा। इस कानून से वक्फ बोर्डों की जवाबदेही, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। जैनेन्द्र कटरे ने कहा, इस संशोधन से वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी, जिससे मुस्लिम समाज के गरीबों, महिलाओं और बच्चों को वास्तविक लाभ मिलेगा। यह सशक्तिकरण और निष्पक्ष प्रशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने इस ऐतिहासिक क्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरन रिज्जू को इस महत्वपूर्ण और दूरगामी विधेयक को संसद में पारित करवाने के लिए बधाई। साथ ही, राष्ट्रहित में इसका समर्थन करने वाले सभी सांसदों और राजनीतिक दलों का आभार।

### वर्ष 2025 की विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य

**बालाघाट।** शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम ₹स्वस्थ्य शुरुआत, आशाजनक भविष्य निर्धारित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस वर्ष शासन के निर्देशानुसार सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के उद्देश्य से बाल अनुकूल पंचायते निर्मित करने के लिए बाल सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमे 10 से 18 वर्ष की आयु के बालक व बालिकाएं सहभागिता करेगी। जिसके लिए समस्त परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी परियोजना अंतर्गत समस्त ग्रामों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक की उपस्थिति में बाल सभा आयोजन करना सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती सोलंकी होगी।

### अभाविप चला रहा पक्षी मित्र अभियान, विद्यालय, महाविद्यालय परिसर में लगाए सकोरे



**बालाघाट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता, विद्यार्थी परिषद की गतिविधि एसएफडी के माध्यम से आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले के विभिन्न विद्यालय, महाविद्यालय में पक्षियों के लिए सकोरे लगाए जा रहे है। इसी श्रृंखला में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय में सकोरे लगाए गए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कन्या महाविद्यालय की अध्यक्ष सुश्री कोमल भंडारकर ने बताया गया कि प्रतिवर्षानुसार, इस वर्ष भी विद्यार्थी परिषद द्वारा यह अभियान चला रहा है। जिसमें महाविद्यालय की छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। साथ ही महाविद्यालय प्रशासन ने भी इस अभियान की सराहना की। जिसमें प्रमुख रूप से महाविद्यालय प्राचार्य निधि ठाकुर एनएसएस प्रभारी तनुश्री कोठे, इको क्लब प्रभारी सीमा वासनिक, प्रो. मणिक चौबे उपस्थित रहे। साथ ही विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनायक झरिया, पीजी कॉलेज इकाई अध्यक्ष ठाकुर कुबेर सिंह बैस, कल्याणी बिसेन, रिया बिसेन, जिज्ञासा टेंभरे, गरिमा कटरे ,जीरा बारेवर, संजना येसने उपस्थित थे।

### धर्मनगरी लांजी में धूमधाम से मनाया जा रहा चैत्र नवरात्र पर्व

# माता को अठवाई चढ़ाकर कन्याओं को कराया भोज







**लांजी।** धर्मनगरी लांजी चैत्र नवरात्र का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र की अष्टमी के दिन घरों में कन्या पूजन बड़ी श्रद्धा और विश्वास के साथ किया गया। लोगों ने कन्याओं को निमंत्रण देकर अपने घर बुलाकर पारम्परिक तरीके से पूजन कर आर्शीवाद लिया। कन्याओं को घर की रसोई में बनाए पकवान खिलाए और देवी मां को खुश करने के लिए कन्याओं की सेवा के पश्चात उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। जिन घरों में परिवार के सदस्यों ने नवरात्र का व्रत रख था कन्या भोजन के बाद समापन किया गया। छोटी-छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानते हुए उनके पैर धुलवाए गए। तिलक और कलावा लगाया गया। बतादें की पंचमी से ही मंदिरों एवं ज्योति कलशों के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ जगह-जगह नजर आ रही है। ज्योति कलशों से जहाँ देवी मंदिर जगमगा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर आस्था एवं श्रध्दा भक्ति के साथ भक्तजन मातारानी की आराधना में लीन है। अष्टमी के दिन नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले लंजकाई मंदिर पहुंची और माता को अठवाई चढ़ाकर आर्शीवाद प्राप्त किया और क्षेत्र की उन्नति की कामना की।

#### देवी मंदिरों में रखे गये मनोकामना ज्योति कलश...

नवरात्र के चलते नगर के सभी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। इसी के चलते अष्टमी के दिन शीतला माता मंदिर, लंजकाई मंदिर, कोटेश्वर धाम, काली मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। साथ ही प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्षेत्र के देवी मंदिरों में भारी संख्या में मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापना कर उनकी श्रद्धालुओं द्वारा सेवा की जा रही है। जिसके तहत माँ लंजकाई मंदिर में 484, माँ पांढरीपाठ दरबार में 2651 माँ गायत्री शक्ति पीठ में 64, माँ शीतला मंदिर में 120, दुर्गा मंदिर बिसोनी में 342 कलश, काली मंदिर में 2 ज्योति कलश तथा संकल्प बहुतायत भक्त जनों के द्वारा लिया गया है। दुर्गा मंदिर भुरसाडोंगरी में 15 कलश, मां दुर्गा मंदिर बोलेगांव 49 में, मां शीतला माता मंदिर बोलेगांव 127 में, मां शीतला माता मंदिर नीमटोला में 38, मां दुर्गा मंदिर नीमटोला 73 में भी मनोकामना ज्योति कलश जगमगा रहे हैं।

## मां पांढरीपाठ दरबार में ज्योति कलशों को कराया गया जलदर्शन



**लांजी।** लांजी के ग्राम वारी के खराड़ी जलाशय की पहाड़ी पर स्थित मां पांढरीपाठ दरबार में शनिवार 05 अप्रैल को अष्टमी पूजा की गई तथा सर्वाधिक 2651 मनोकामना ज्योतिकलशों का विसर्जन खराड़ी जलाशय में किया गया। इसके पूर्व सुबह 7 बजे से मां पांढरीपाठ दरबार में हवनपूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहें और माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुजांयमान हो गया। उल्लेखनीय है की नवरात्र के प्रथम दिन से अष्टमी तक मां पांढरीपाठ दरबार में अनेकों धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और माता का आर्शीवाद प्राप्त किया। साथ ही मां पांढरीपाठ दरबार में पूरे नवरात्र में तक प्रतिदिन भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं मां पांढरीपाठ का दरबार जो गौसेवा के लिये प्रसिद्ध है, को भी हजारों भक्तों ने निहारा और गौंवशों की सेवा देखकर भावविभोर हो उठे। मां पांढरीपाठ माता की ख्याति का ही प्रताप है जो यहां पर जिले सहित अन्य राज्यों से भी माता की सेवा में हजारों लोग पहुंचकर माता का आर्शीवाद प्राप्त कर रहे है और खराड़ी जलाशय के विहंगम दृश्य को देखकर मन प्रफुल्लित कर रहे है। आज 05 अप्रैल को कलश जलदर्शन के दौरान मां पांढरीपाठ दरबार से लेकर अंतिम छोर तक हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने कलश दर्शन किये और माता के जयकारे लगाए एवं कल 6 अप्रैल को जवारे विसर्जनकर महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है की इस वर्ष चैत्र नवरात्रा के पावन अवसर पर मां पांढरीपाठ दरबार में 30 मार्च से 5 अप्रैल तक अमृतमयी श्रीराम कथा का आयोजन किया गया था। जिसमें परम पूज्य संत श्रीश्री श्रीराम ज्ञानीदास महात्यागी के मुखारविंद से उक्त संपूर्ण कथा का वर्णन किया गया। जिसे सुनने के लिये क्षेत्र सहित अन्य जिले एवं राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और माता का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## स्ट्रीट फूड वेंडर से जूस एवं आइसक्रीम के नमूने लेकर भेजे गए जाँच के लिए गंगाजल व वैनगंगा आरओ वाटर पर की कार्रवाई



**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में खाद्य विभाग की सक्रियता बनी हुई है। शनिवार को खाद्य विभाग के अमले द्वारा लालबर्रा बस स्टैंड के स्ट्रीट फूड वेंडर एवं ठेले खोम्चो में खाद्य सामग्री बेचने वाले व्यवसायों पर कार्यवाही सुनिश्चित की गई। अमले द्वारा बस स्टैंड स्थित आम का जूस एवं समीर मिक्स आइसक्रीम फालूदा पर कार्यवाही करते हुए आम का जूस एवं मिक्स आइसक्रीम लस्सी का नमूना जांच के लिए लिया गया। वहीं बिना खाद्य पंजीयन बाहर से आकर आम का जूस बेचने के विरुद्ध नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही आरओ वॉटर की शिकायत पर जांच करते हुए वैंनगंगा आरओ वॉटर एवं गंगाजल आरओ वॉटर के प्लांट पर कार्रवाई करते हुए लाइसेंस में उचित व्यवसाय कटेगरी नहीं होने पर नोटिस जारी किए गए। साथ ही साफ स्वच्छता संबंधी सुधार के बारे में दिशा निर्देश दिए गए। आरओ ड्रिंकिंग वॉटर के नमूने भी जांच के लिये लिए गए। समस्त कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कुमार डोंगरे एवं वाजिद मोहीब उपस्थित रहें।

## पुनर्घनत्वीकरण योजना में नगर की 5 सड़कों के साथ अन्य कार्य हुए शामिल



**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में शनिवार को जिला परियोजना समिति की बैठक आयोजित हुई। नगर की कुछ महत्वपूर्ण सड़को के अलावा नगर के अन्य कार्यो को शामिल करने के लिए समिति की 3 बार बैठक आयोजित की जा चुकी है। पुनर्घनत्वीकरण योजना को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में अब अंतिम रूप से निर्णय लिया गया है। अब प्रारंभिक परियोजना का प्रतिवेदन मंगलवार तक रेडी कर आयुक्त एमपी हाऊसिंग बोर्ड द्वारा प्रदेश स्तरीय साधिकार समिति को भेजा जाएगा। इस योजना में कुल 26836.81 वर्ग मीटर की शासकीय भूमि पर पुनर्घनत्वीकरण कर नगर में सड़कों के अतिरिक्त शासकीय कार्य संचालन के लिए भवनों का निर्माण किया जाएगा। बैठक में एसडीएम श्री गोपाल सोनी, डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कोल, सीएमओ श्री कतरोलिया, एमपी हाऊसिंग बोर्ड के इंजीनियर व यातायात थाना प्रभारी श्री आकाश शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

#### इन सड़कों का नगर हित मे होगा निर्माण

प्रारंभिक प्रतिवेदन में नगर की मुख्य सड़कें शामिल की गई है। हालांकि इन सड़कों को लेकर नगर पालिका द्वारा भी प्रस्ताव तैयार किये थे। इसी के कारण पुनर्घनत्वीकरण का प्रस्ताव भेजने में देरी हुई। एमपी हाऊसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री श्री एलआर कुसरे ने बताया कि अब प्रस्ताव को अंतिम रूप देते हुए नगर की 6 सड़कों सहित पीडब्ल्यूडी उपसंभाग कार्यालय, 5 स्टोर भवन 1 प्रयोगशाला के साथ इन भवनों के विकास कार्य तथा 39 विभिन्न प्रकार के आवासीय भवन, जल संसाधन विभाग सम्भाग 1 भवन व विकास कार्य, 10 आवासीय भवन, यातायात थाना निर्माण, सर्किट हॉउस में कार्य, राजस्व रिकॉर्ड रूम निर्मित होंगे। इसके अलावा नगर की 6 सड़कों में संविधान चौक से सरेखा ब्रिज, जय स्तंभ से अस्पताल होते हुए रानी अवंति बाई चौक, जागपुर घाट से सेन चौक, अम्बेडकर चौक से रानी दुर्गावती चौक, जय स्तंभ से ओवर ब्रीज और रानी अवंति बाई चौक से आईटीआई तक कि सड़कें बनाई जाएगी।

#### नगर में बारिश से पूर्व बेहतर करें

समिति की बैठक पश्चात कलेक्टर श्री मीना ने सीएमओ श्री कतरोलिया को निर्देश दिए है कि बारिश से पूर्व नगर में नालों और ऐसे स्थान जहाँ पानी जमा होता है। उन स्थानों को चिन्हित कर प्राथमिकता से उन कार्यो पर फोकस होकर कार्य करें। साथ ही पानी जमा होने वाले स्थानों की सूची बनाने के भी निर्देश दिए है।

## भरवेली खदान में स्वच्छता पखवाड़ा धूमधाम से आयोजित




**भरवेली (बालाघाट)।** जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन संचालित तथा मिनी रत्न श्रेणी में सम्मिलित सार्वजनिक उपक्रम मॉयल लिमिटेड की भरवेली खदान इकाई में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वच्छता पखवाडे का आयोजन का पूरे उत्साह व जागरूकता के साथ किया गया। यह पखवाडा 16 मार्च से 21 मार्च तक आयोजित था। जिसका उद्देश्य कर्मचारियों, स्थानीय निवासियों तथा समाज के विभिन्न वर्गो में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार करना है। इस पखवाडे के अंतर्गत खदान क्षेत्र, प्रशासनिक भवन, कार्यशालायें, कर्मचारियों की कॉलानियां सहित अन्य स्थानों की सफाई की गई। श्रमदान के माध्यम से मॉयल में कार्यरत वर्कर एवं अन्य ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर एक विशेष स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी, कामगार वर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इसके अतिरिक्त अन्य माध्यमों से भी स्वच्छता का संदेश दिया गया। वक्ताओं के अनुसार स्वच्छता केवल बाहर की सफाई नहीं बल्कि हमारे विचारों, दृष्टिकोण की भी सफाई है, इसे जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिये। खदान प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों को स्वच्छता का महत्ता बताने हेतु विविध माध्यमों से प्रेरित किया जा रहा है। पखवाडे के अंत में सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता कार्यस्थल सर्वाधिक सक्रिय प्रतिभागी आदि श्रेणियों में पुरस्कार भी दिये जायेगें ताकि कर्मचारियों में स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा एवं रूचि बने। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ऐसे आयोजनों से यह स्पष्ट होता है कि देश के औद्योगिक संस्थान भी स्वच्छता की इस राष्ट्रीय मुहिम में अपना योगदान दे रहे है। भरवेली खदान की यह पहल न केवल कर्मचारियों के लिये प्रेरणास्पद है बल्कि स्थानीय समुदाय के लिये भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करती है। संपूर्ण कार्यक्रम की सूत्रधार श्रीमती निजहत खान थी।

## फावड़े चलाकर निकाली गंदगी, कुछ ही देर में सुंदर दिखने लगी मोती तालाब की सीढ़ियां

**बालाघाट।** व्यक्ति यदि अपने आस पास की गंदगी और साफ सफाई पर ध्यान देकर साफ सफाई रखें तो सुंदर व सार्वजनिक स्थल साफ स्वच्छ और सुंदर रहेंगे। जन अभियान परिषद और सीएम सीएलडीपी के विद्यार्थियों सहित सीएमओ व तहसीलदार बालाघाट द्वारा किये गए श्रमदान से यही संदेश दिया गया। शनिवार सुबह मोती तालाब स्थित सीढ़ियों व आसपास के क्षेत्र में श्रमदान के लिए एकत्रित हुए। सभी ने मिलकर पहले पानी मे डूबी पेड़ की शाखाओं सहित पानी की बोतलें, प्लास्टिक, कपड़े और अन्य सामग्री पावड़े के द्वारा निकाली गई। इसके बाद सीढ़ियों ओर फैली गंदगी को साफ करने के बाद वह स्थल अत्यंत सुंदर दिखने लगा। जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्ही के निर्देशों पर जनअभियान परिषद द्वारा श्रमदान कर सफाई की गई। अभियान अंतर्गत आज मोती तालाब में श्रमदान से तालाब के घाट की साफ-सफाई का कार्यक्रम ₹पत्रिका₹ एवं ₹मप्र जनअभियान परिषद₹ के सयुक्त प्रयासों से आयोजित हुआ। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन, जनअभियान परिषद की जनपद समन्वयक बैजंती कटरे, सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता विजय सूर्यवंशी, निकास ऐडे, वर्षा परिहार, नगर विकास प्रस्फुटन समिती सचिव कृतिका सूर्यवंशी, पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता माधुरी मेश्राम, नेहा, मौसम भगत, गायत्री, सावित्री नगपुरे, इसिका टेकाम, कंचन सरिया, टीना पटले, तिलक सिंह, रंगेलाल मरकाम, विकास, आरती वरकडे, पवन सूर्यवंशी, विजय शंकर श्रमदान में शामिल रहे।

## पुस्तक मेले का हुआ शुभारंभ



**बालाघाट।** शनिवार को सांदीपनि विद्यालय में जिला स्तरीय पुस्तक मेले का शुभारम्भ किया गया। इस मेले में शहर के प्रतिष्ठित स्टेशनरी, पुस्तक एवं गणेश वितरक विक्रेता द्वारा नोटबुक पर लगभग 30 से 40 प्रतिशत बाजार मूल्य से डिस्काउंट दिया गया। सांदीपनि विद्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसाए यहां 219 बच्चों का प्रवेश कराया गया। शुभारम्भ अवसर पर सर्व शिक्षा अभियान के श्री सीएस मरावी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री मोहित डेहरिया, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य श्री युवराज राहंगडाले, कन्या स्कूल बूढ़ी में प्राचार्य श्री एसके तुरकर, एमएलबी स्कूल के प्राचार्य श्री मनोज कुमार जैन, मगरदर्रा हाई स्कूल के श्री आलोक मिश्रा सहित अन्य प्राचार्यो व शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

## हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर का केंद्रीय दल ने वर्चुअली किया एनक्यूएएस असीसमेंट



**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के दिशा निर्देशन में परसवाड़ा विकासखण्ड के नाटा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का भारत सरकार के केन्द्रीय दल ने शुक्रवार को वर्चुअल असीसमेंट किया। सीएमएचओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंशन स्टेण्डर्ड (एनक्यूएएस) के अंतर्गत यह असीसमेंट किया गया। सीएमएचओ डॉ.परेश उपलप ने बताया कि वर्चुअली हुए असीसमेंट में केन्द्रीय दल में नेशनल असेसर डॉ.अमनदीप सिंह और श्री कोविल्ली श्रीनिवासन शामिल थे। भारत सरकार के दल द्वारा पूछताछ में संस्था का सघन परीक्षण किया गया। साथ ही अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रम अंतर्गत दी जाने वाली सेवाएं जैसे- गर्भावस्था एवं प्रसव देखभाल, नवजात शिशु की देखभाल, बाल्य एवं किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं, संक्रामक रोग प्रबंधन, असंचारी रोगों की रोकथाम नियंत्रण एवं प्रबंधन, सामान्य बीमारी का उपचार एवं प्रबंधन इत्यादि का परीक्षण किया गया। डॉ.उपलप ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संस्था को एनक्यूएएस सर्टिफाईड किए जाने पर समुदाय को सुलभ उच्च गुणवत्ता व्यापक प्राथमिक देखभाल सेवाएं और बेहतर रूप से प्रदान की जा सकेगी। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के अंतर्गत समुदाय के सभी वर्गों के लिए निःशुल्क व्यापक गुणवत्ता पूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। एनक्यूएएस क्वालीफाईड होने के पश्चात संस्था को 1 लाख 26 हजार रूपए की राशि प्रतिवर्ष प्राप्त होगी। जिससे संस्था को एनक्यूएएस करने एवं सहयोग करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन के रूप में 25 प्रतिशत राशि प्रदाय की जाएगी। संस्था में वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती गायत्री उईके, एएनएम श्रीमती मीरा राउत पदस्थ है। संस्था के अंतर्गत ग्राम वारिया, उण्डई टोला, सुकडी, खर्रा, खापाखेडा का समावेश है। संस्था का राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार कराने में सीएमएचओ डॉ.परेश उपलप, डीपीएम श्री विक्रम सिंह ठाकुर, प्रभारी सीपीएचसी सलाहकार श्री राजाराम चक्रवृति, बीएमओ श्री वरूण सिंह परते, जिला क्वॉलिटी नोडल डॉ.पंकज महाजन, बीपीएम श्री संतोष चौधरी, जिला क्वालिटी मेंटर श्री विनोद कामडे, सीएचओ मेंटर कु.नेहा, विधा टेकाम, पूनम बिसेन, लतेन्द्र भगत,लता मर्सकोले का निरंतर सहयोग रहा।